प्रेस विज्ञप्ति क्र. 2017/1/ मुंबई, 13 जनवरी, 2017

# पश्चिम रेलवे का रविवार को मरीन लाइन्स तथा माहिम जं. स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक

रेल पथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 15 जनवरी, 2017 को 10.35 बजे से 15.35 बजे तक मरीन लाइन्स तथा माहिम जं. स्टेशनों के बीच डाउन धीमी लाइन पर पश्चिम रेलवे का साप्ताहिक जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा।

ब्लॉक अवधि के दौरान, मरीन लाइन्स तथा माहिम जं. स्टेशनों के बीच सभी डाउन धीमी ट्रेनें डाउन फास्ट लाइनों पर चलाई जायेंगी। परिवर्तित मार्ग पर चलने वाली ये ट्रेनें महालक्ष्मी, एलिफिंस्टन रोड एवं माटुंगा रोड स्टेशनों पर प्लेटफॉर्मों की अनुपलब्धता के कारण नहीं रुकेंगी। इसलिए यात्री बांद्रा तथा मुंबई सेंट्रल स्टेशनों के मध्य इन गंतव्य स्टेशनों के लिए उल्टी दिशा में यात्रा कर सकते हैं।

**धीमी गति की सभी ट्रेनों को लोअर परेल एवं माहिम जं. स्टेशन पर डबल हॉल्ट दिया जायेगा।** इस ब्लॉक के दौरान कुछ अप तथा डाउन लोकल ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा प्रारम्भ करते समय उपरोक्त ब्लॉक व्यवस्था को ध्यान में रखें।

*****